NBT
नवभारत टाइम्स

ब्रैंडेड कंपनी का लेबल लगा बना रहे थे नकली हेयर ऑयल, सामान जब्त

वरिष्ठ संवाददाता, गुड़गांवनामी कंपनी के नाम पर नकली हेयर ऑयल बनाकर बाजार में बेचा जा रहा था। कंपनी की शिकायत पर अशोक विहार एरिया के एक मकान में ...

Navbharat Times | Updated: 16 Jan 2020, 08:00:00 AM IST

वरिष्ठ संवाददाता, गुड़गांव
नामी कंपनी के नाम पर नकली हेयर ऑयल बनाकर बाजार में बेचा जा रहा था। कंपनी की शिकायत पर अशोक विहार एरिया के एक मकान में रेड कर नकली हेयर ऑयल की खाली व भरी बोतलें जब्त की गई हैं। सेक्टर-5 थाना पुलिस ने कॉपीराइट एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के अनुसार, मामले की शिकायत हिंदुस्तान यूनिलिवर कंपनी के कॉपीराइट देखने वाली एजेंसी के मैनेजर दीपक कुमार ने दी है। उन्होंने कहा कि मैसर्स श्रीराम सर्विस नाम से कोई कंपनी उनकी कंपनी के नामी प्रॉडक्ट इंदूलेखा से मिलता जुलता प्रॉडक्ट बाजार में बेच रही है। कंपनी की शिकायत पर अशोक विहार फेज-3 के एक मकान में पुलिस ने कंपनी अधिकारियों के साथ जाकर रेड की। मकान मालिक जसबीर घर के अंदर ही नकली सामान बनवा रहा था। पुलिस ने उससे मिलते-जुलते प्रॉडक्ट की 21 खाली, 44 भरी हुई बोतलें व 257 लेबल बरामद किए। सेक्टर-5 थाना एसएचओ इंस्पेक्टर समसूदीन ने बताया कि कॉपीराइट एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/punjab-and-haryana/gurgaon/branded-company-labels-were-making-fake-hair-oil-goods-seized/articleshow/73280474.cms